भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
***
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **4749**

(जिसका उत्तर सोमवार, 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है)

काला धन रखने वाले

4749. श्री मोहम्मद आजम खां :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी बैंकों में काला धन रखने वाले भारतीय खाताधारकों के नाम फ्रांस और स्विट्जरलैंड की सरकारों द्वारा विगत एक वर्ष के दौरान भारत सरकार को सौंपे गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन खाताधारकों के बैंक-वार नाम और ब्यौरे क्या हैं तथा उनसे संबंधित धनराशि कितनी है?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) एवं (ख.) : भारत का फ्रांस और स्विट्जरलैंड के साथ दोहरे कराधान का परिहार करार हुआ है जिससे अनुरोध पर एवं स्वत: आधार पर बैंकिंग सूचनाओं सहित सूचनाओं के आदान-प्रदान में सुविधा होती है। इस प्रकार से प्राप्त सूचनाएं जांच करने एवं समुचित मामलों में करदाताओं की अनगिनत आय एवं परिसंपत्तियों को कर के दायरे में लाने में उपयोग की जाती हैं। इस सूचना का प्रयोग एवं प्रकटन संगत कर संधियों के गोपनीयता प्रावधानों द्वारा शासित होता है।

*****